प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पद से दिया इस्तीफा, हेमंत सोरेन विधायकों के साथ पहुंचे राजभवन, सरकार बनाने का करेंगे दावा।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दिया जवाब, कहा–संविधान सरकार को दिशा दिखानेवाला प्रकाश स्तम्भ।
3. ओड़िशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर विद्युत रंजन षाडंगी को झारखंड उच्च न्यायालय का बनाया गया नया मुख्य न्यायाधीश।

4. मौसम विभाग ने रांची, हजारीबाग, गुमला और बोकारो समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश होने का जताया पूर्वानुमान।

**************

राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्यपाल सीपी रधाकृश्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। वहीं झामुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल के पास एक फिर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के विधायकों की आज हुई बैठक में श्री सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया। कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव ने इसकी जानकारी दी।

गौरतलब है कि जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा इस वर्ष इकतीस जनवरी को गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था। झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा अठाइस जून को जमानत मिलने के बाद फिर से उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने पर सत्ता पक्ष के विधायकों की आज हुई बैठक में सहमति बनी।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संविधान केवल अनुच्छेदों का संकलन नहीं है, बल्कि इसकी भावना और शब्द सरकार के लिए मूल्यवान हैं। श्री मोदी ने कहा कि संविधान, सरकार को दिशा दिखाने वाला प्रकाश स्तम्भ है। उन्होंने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में जवाब देते हुए कहा कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान सरकार के दृष्टिकोण पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबी के खिलाफ लड़ाई, सरकार का प्रमुख एजेंडा होगा।

राज्यसभा के उपसभापति जगदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

**************

राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची का दूसरा संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम दो चरणों में चौबीस जुलाई तक चलेगा। खूंटी के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्र ने राजनीतिक दलों के साथ आज हुई बैठक में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पच्चीस जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जायेगा, जबकि दावे और आपत्तियों का निपटारा नौ अगस्त तक होगा। बीस अगस्त को एकीकृत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। वहीं मतदाता सूची पुनरीक्षण अवधि के दौरान सत्ताईस और अठाइस

जुलाई तथा तीन अगस्त और चार अगस्त को विशेष अभियान चलाया जाएगा। रामगढ़ जिले में भी उपायुक्त ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

***************

धनबाद रेलमंडल वित्तीय वर्ष 2024–25 की दूसरी तिमाही में राजस्व वसूली के मामले में देश के सभी मंडलों में पहले स्थान पर है। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही मे लगभग उनचास मिलियन टन कोयला लदान किया गया। इससे लगभग छह हजार आठ सौ करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त हुआ, जो रिकॉर्ड है।

***************

हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने आज सदर अंचल का निरीक्षण किया। उन्होंने भूमि हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी, दाखिल–खारिज और भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच के दौरान अंचल के प्रधान लिपिक और नाजिर को शॉकॉज जारी करने का निर्देश दिया।

***************

कोडरमा जिले में मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में लापरवाही बरतने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को शोकॉज जारी किया गया है। और ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

***************

ओड़िशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर विद्युत रंजन षाडंगी झारखंड उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे। वहीं, वर्तमान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर का तबादला राजस्थान उच्च न्यायालय किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में लिए गए इस निर्णय पर मुहर लगा दी है। श्री षाडंगी वर्तमान में ओड़िशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं।

***************

चतरा जिले के उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षा में नमामि गंगे योजना के तहत निरंजना नदी के जल संचयन और संरक्षण को लेकर आज एनएमएससीजी नई दिल्ली की तकनीकी टीम के अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में वर्षा जल रोकने, जलछाजन, वाटर, नदी तट के घेराव को लेकर एक्शन प्लान तैयार करने का निर्णय लिया गया।

***************

पाकुड़ जिले के कुमार कालिदास मेमोरियल कॉलेज के नए प्रशासनिक भवन का आज सिदो कान्हू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह ने उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कॉलेज के संस्थापक राजा कुमार कालिदास पांडेय की प्रतिमा का भी अनावरण किया।

***************

सरायकेला–खरसावां में भारतीय जनता पार्टी का विजय संकल्प सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह चौदह जुलाई को आयोजित होगा। आदित्यपुर में पार्टी के पदाधिकारियों की आज हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस मौके पर लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराने और लाभ दिलाने के लिए सहायता जागरुकता रथ रवाना किया गया।

***************

और अब संक्षिप्त खबरें

- रांची में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारकों की बैठक में सर संघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले भी हिस्सा लेंगे। यह बैठक इसी महीनें आय़ोजित होनी है।
- साहिबगंज जिले के उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की आज बैठक हुई। इस दौरान डीएमएफटी फंड से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।
- गोड्डा जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा रामनगर गोढ़ी के शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्टॉप डायरिया कैम्पेनिंग के तहत ओआरएस–जिंक कॉर्नर का शुभारंभ हुआ।

***************

मौसम विभाग ने रांची, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूटी समेत राज्य के कई हिस्सों में पांच जुलाई तक भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। विभाग ने बताया कि राज्यभर में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है और सभी जिलों में अगले तीन दिनों तक अच्छी बारिश होने की संभावना है।

********समाप्त********